दिनांक-26फरवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में आवेदन देने वाली आवेदिका सत्यवती कि पानी लीकेज की समस्या का हुआ त्वरित निराकरण

भिलाईनगर। बैकुंठधाम वार्ड 21 की आवेदिका सत्यवती ने मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में पानी लीकेज की समस्या को लेकर आवेदन किया था जिसका त्वरित निराकरण निगम के अधिकारियों द्वारा किया गया इसी प्रकार रजत ओझा द्वारा गंदगी की शिकायत की गई थी जिसका भी निराकरण समय सीमा के भीतर कर दिया गया , निराकरण होने के पश्चात आवेदकों ने मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय खोले जाने को लेकर शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया! मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है ऐसे आवेदन जो त्वरित समाधान योग्य है उन्हें समय सीमा के भीतर निराकरण किया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियों को आपके सरकार आपके दुआरी की परिकल्पना को साकार करने निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जिसमें वार्ड 17 वृंदानगर, वार्ड 9 कोहका, वार्ड 21 बैकुंठ धाम मंदिर के पास, वार्ड 28 मंगल बाजार सामुदायिक भवन, सियान सदन मिलन चैक एवं वार्ड 34 अंडा चैक स्थित भवन में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी , सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी , राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक वार्ड कार्यालय में उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं।

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!